तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 12.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 16 मार्च 2026

12 कहीं ड्रम बजाकर तो कहीं फूलों के गुलदस्ते ...



12 पावन दर्शनों से ही मन में पैदा होता है सकारात्मक ..



## खबर संक्षेप

### हथियार दिखाकर सेल्समैन से चार हजार रुपये छीने

**अंबाला।** पंजोखरा साहिब थाना क्षेत्र स्थित जडौत रोड खतौली मोड़ पर एक शराब ठेके पर रात को सेल्समैन से चार हजार रुपये छीन लिए। कार सवार नकाबपोश ने वारदात को अंजाम दिया। पंजोखरा थाना पुलिस ने सेल्समैन राजीव कुमार की शिकायत पर छीनाझपटी की धारा 304 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। झारखंड के राजीव ने बताया कि वह खतौली मोड़ के ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। रात 10:15 बजे वह ठेके पर मौजूद थे। तभी एक कार ठेके पर आकर रुकी। कार से काला मास्क लगाकर उतरे युवक ने ठेके पर आते ही लोहे का नुकीला हथियार दिखाकर डराया व गल्ले से करीब चार हजार रुपये छीन लिए।

### चाइनीज डोर से व्यक्ति की आंख के पास लगा कट

**अंबाला।** जगाधरी हाईवे पर स्थित ब्रह्मकुमारी चौक के सामने रविवार दोपहर में अचानक एक पतंग की डोर लहराई। सड़क के बीचों-बीच आई डोर की चपेट में आने से तीन बाइक सवार बाल-बाल बच गए। हालांकि दयाल बाग के मोहित की आंख के पास डोर से हल्का कट आ गया। चौराहे पर तैनात होमगार्ड के जवानों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए दोपहिया वाहन को रोककर तुरंत डोर को हटाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हाईवे पर चौराहा होने के कारण यातायात अपनी सामान्य गति से चल रहा था, तभी अचानक एक कटी हुई पतंग की डोर नीचे आ गिरी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे चौपहिया वाहन को निकल गए थे।

### व्यक्ति को डंडों से पीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर के ममीदी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फरकपुर क्षेत्र निवासी अनंत राम को डंडों से पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फरकपुर क्षेत्र के आरके स्कूल निवासी अनंत राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 मार्च को शाम साढ़े छह बजे वह ममीदी क्षेत्र में किसी काम से गया था। इस दौरान वहां पर उसकी सूरत भान के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। इस दौरान सूरत भान ने डंडे से उसके साथ मारपीट की।


### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी में ने संदिग्ध परिस्थितियों में इमरान ने फंदे से लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। थाना किला पुलिस भी इसे आत्महत्या का केस मान रही है। हालांकि इमरान के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। वहीं एफएफएस की टीम से भी जांच करवाई। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए है।

**फ्राड :** एजेंटों ने पहले दिल्ली, लखनऊ और फिर वहां से दुबई भेजा

# यूएस जाने के लालच में 1.07 करोड़ की ठगी, दंपति भी बना शिकार

- ठगों ने फर्जी वीजा, टिकट और प्रोसेसिंग के नाम पर पैसे लिए
- पीड़ितों को ठगी का पता चलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई
- पुलिस ने लोगों को विदेश भेजने के नाम पर अनजान एजेंटों से सावधान रहने की सलाह दी




एआई जनरेटेड फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

पुलिस ने अमेरिका भेजकर धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज किए हैं। एक मामले में जंधेड़ी गांव के रहने वाले दंपती को अमेरिका भेजने के नाम पर 52 लाख रुपये ठग लिए, वहीं दूसरे मामले में खुड्डी गांव के गुरप्रीत सिंह से भी अमेरिका भेजने के नाम पर 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई। गुरप्रीत ने बताया कि धोखाधड़ी का खेल दिसंबर 2023 से शुरू हुआ। एजेंटों ने पहले दिल्ली, लखनऊ और वहां से दुबई भेजा। इसके बाद उसे ईरान, तुर्की भेजा गया। हर कदम पर वीजा के नाम पर लाखों रुपये की मांग की जाती रही। जब पीड़ित के परिजनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। आखिर में जब तुर्की व एम्सटर्डम के एयरपोर्ट पर उसे बिना वैध दस्तावेजों के छोड़ दिया गया, जिससे उसे वापस भारत डिपोर्ट होना पड़ा। जंधेड़ी गांव के पवन कुमार व उनकी पत्नी से 52 लाख की धोखाधड़ी हुई। पीड़ित पवन कुमार ने बताया कि ठगी की साजिश साल 2021 में शिरडी साईं बाबा मंदिर में रची थी। पिता बलकार सिंह अक्सर मंदिर जाते थे, जहां उनकी मुलाकात आरोपी कुरुक्षेत्र के विजय कुमार से हुई। विजय ने खुद को रसूखदार बताते हुए दावा किया कि उसका मामा दिल्ली एयरपोर्ट पर सरकारी अधिकारी है और वह उसे पत्नी के साथ 56 लाख रुपये में अमेरिका भिजवा देगा। विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने पवन और उसके पिता की मुलाकात दिल्ली के होटलों में अपने कथित मामा से भी करवाई। जनवरी 2022 में दस्तावेज दिखाकर विदेश नहीं भेजा। दिसंबर 2025 में जब पैसे मांगे तो 13 लाख के दो चेक दिए थे वो बाउंस हो गए।

### बेटे को इंग्लैंड भेजने के चक्कर में अस्पताल संचालक को लगाया 6.35 लाख का चूना

**अंबाला।** जंडली के सुनीत कुमार आर्य व उनके बेटे को यूरोप व इंग्लैंड भेजने के नाम पर 6.35 लाख की धोखाधड़ी की गई। यह आरोप सिटी के सेक्टर-9 स्थित सन ट्रैवल चलाने वाले तीन एजेंटों पर लगाए गए हैं। आरोपी हरप्रीत सिंह, हरभजन सिंह व जोबनजीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुनीत कुमार ने बताया कि वह जंडली में अस्पताल चलाते हैं। आरोपी हरप्रीत सिंह का उनके अस्पताल और घर पर आना-जाना था। आरोपी ने खुद को विदेश भेजने के काम में माहिर बताते हुए उनके बेटे अखिलेश को लक्जमबर्ग भेजने का झांसा दिया। आरोपी ने सेक्टर-9 व जलबेड़ा रोड पर ऑफिस बताया और 13 लाख में समझौता किया। अलग-अलग किस्तों में 6.35 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। आरोपियों ने ई-वीजा की कॉपी भी दिखाई और बाद में यूके भेजने का झूठा दिलासा देकर चंडीगढ़ के एलिनेट मॉल में फिंगरप्रिंट की कार्रवाई भी पूरी करवाई। मगर न तो उसके बेटे के विदेश भेजा न ही उसके पैसे वापिस किए।

### बंधक बनाकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप

पुलिस ने आरोपी विजय कुमार पर प्राथमिक दर्ज कर ली। इसी तरह खुड्डी गांव निवासी गुरप्रीत से अमेरिका भेजने का झांसा देकर 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न देशों में बंधक बनाकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। ठग एजेंटों ने डंकी के रास्ते भेजने के नाम पर न केवल लाखों रुपये ऐंठे, बल्कि उन्हें पनामा और ग्वाटेमाला के जंगलों में भूखा-प्यासा रखकर मौत के मुंह में धकेल दिया। गुरप्रीत ने बताया कि नारायणगढ़ के रहने वाले कथित ट्रैवल एजेंट कुलदीप सिंह, रणबीर सिंह और उस समय के सरपंच गुलाब सिंह ने उसे विश्वास में लिया था। आरोपियों ने दावा किया था कि वह उसे 55 लाख रुपये में वर्क परमिट पर अमेरिका भिजवा देंगे। सौदा तय होने के बाद नवंबर 2023 में साहा के पास आरोपियों ने 10 लाख रुपये और पासपोर्ट ले लिए।



**करनाल।** सीएम नायब सिंह सैनी कल्याण फार्म पहुंचकर हरियाणा विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माता प्रेम कौर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## सीएम ने विस अध्यक्ष की माता के निधन पर परिवार को बंधाया ढांढस

**माता-पिता का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को मधुबन के समीप स्थित कल्याण फार्म पहुंचे और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की 87 वर्षीय माता प्रेम कौर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति होती है और इस दुख की घड़ी में पूरा प्रदेश परिवार के साथ खड़ा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश झींडा व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## एचएसजीएमसी ने जारी किया नानकशाही कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने अपनी टीम के साथ मिलकर नानकशाही संवत 558 (साल 2026-27) जारी किया। प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने बताया कि हरियाणा कमेटी ने साल 2026-27 के लिए अपना नानकशाही कैलेंडर आज जारी किया है। इस कैलेंडर में गुरु साहिबान के प्रकाश पूरब साहित्य अन्य ऐतिहासिक दिनों का जिक्र किया गया है। इसके साथ ही सिख पंथ के अन्य महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व की तिथी भी इस नानकशाही कैलेंडर में अंकित है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने जानकारी दी कि संस्था का अगला बजट तैयार कर लिया गया है और इसे 31 मार्च को पास किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ महासचिव अंग्रेज सिंह रानियां, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर जत्थेदार करनैल सिंह निम्नाबाद, पलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह मुल्तानी, रुपिंदर सिंह, मैंबर इंद्रजीत सिंह, कुलदीप सिंह फग्गू, सुखजिंदर सिंह मसाना, मुख्य सचिव जसविंदर सिंह दीनपुर आदि मौजूद रहे।

*10 वर्षों से चल रहे प्रयास हुए सफल, प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को सौंपी प्रमाणपत्र की प्रति*

## कुवि शिक्षक संघ को मिला नवीनीकृत पंजीकरण प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ को हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसाइटीज एक्ट, 2012 के अंतर्गत नवीनीकृत पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया गया है। जिला रजिस्ट्रार, कुरुक्षेत्र द्वारा जारी इस प्रमाणपत्र के अनुसार शिक्षक संघ को नया पंजीकरण नंबर एचआर 004202601015 प्रदान किया गया है। शिक्षक संघ लंबे समय से नए अधिनियम के अंतर्गत पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रयासरत था। विशेष रूप से पिछले दस वर्षों से संघ द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिन्हें वर्तमान पदाधिकारियों के सक्रिय प्रयासों से सफलता मिली। इस उपलब्धि की जानकारी शिक्षक संघ की आयोजित जनरल बॉडी बैठक में सभी सदस्यों के समक्ष साझा की गई। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वर्तमान पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। इसके उपरांत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नवीनीकृत पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति भेंट की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सचदेवा ने शिक्षक संघ को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और बौद्धिक प्रगति में शिक्षक समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।



**कुरुक्षेत्र।** कुवि में शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नवीनीकृत पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को भेंट करते हुए।



**यमुनानगर।** थाना पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

### नाबालिग लड़की को अगवा करने वाला आरोपी युवक दबोचा

**यमुनानगर।** थाना शहर यमुनानगर की पुलिस टीम ने शादी की नीयत से 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को अगवा करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना प्रबंधक नरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 17 साल की नाबालिग लड़की जो घर से सुबह स्कूल गई थी वापस नहीं आई। इस सूचना पर मुकदमा दर्ज कर एएसआई किरण कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर नाबालिग लड़की की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पता चला की नाबालिग लड़की को आरोपी जम्मू कॉलोनी निवासी मोहित पुत्र नरेश कुमार शादी करने नियत से भगाकर ले गया है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### कार की टक्कर लगने से बाइकर्स की मौत

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के गांव जयपुर के पास शाम को कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जयपुर निवासी मांगा राम ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का 27 वर्षीय विक्रम 13 मार्च को शाम साढ़े छह बजे अपने दोस्त गांव के ही जोगिंदर के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था।

### गर्लफ्रैंड को रंग लगाने पर की थी कालू की हत्या

**पानीपत।** पानीपत में फाग वाले दिन लापता हुए कालू की मौत की गुत्थी को रेलवे पुलिस ने सुलझा लिया है। जिसे पहले एक हादसा माना जा रहा था, वह दरअसल एक सोची-समझी साजिश और नृशंस हत्या निकली। पुलिस ने इस मामले में मृतक के ही गांव महमूदपुर के रहने वाले तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पुरानी रंजिश और होली पर हुए विवाद का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर गांव महमूदपुर के संजू, राहुल और विशाल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन तीनों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। मुख्य आरोपी संजू ही इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड था। फाग वाले दिन कालू ने संजू की एक महिला मित्र को रंग लगा दिया था। इस बात से संजू बुरी तरह भड़क गया था और कालू को रास्ते से हटाने का मन बना लिया था।

**अधिकतम तापमान गिरकर 27 व न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस पर आया**

*तापमान गिरने से गर्मी से मिली राहत*

## गेहूं व सरसों की फसल पर बारिश और हवा ने बरपाया कहर, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

खेतों में लहलहा रही गेहूं और सरसों की फसल पर रविवार शाम को हवा के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश ने कहर बरपा दिया है। हवा के साथ बारिश होने से अधिकांश खेतों में अगेती गेहूं की फसल नीचे बिछ गई है। वहीं, सरसों की फसल को भी नुक्सान हुआ है। किसानों ने खेतों में बिछी गेहूं की फसल में नुक्सान होने की संभावना जताई है। वहीं, बारिश होने से मौसम में ठंडक बढ़ गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रविवार शाम चार बजे के करीब अचानक आसमान में बादल गर्जने लगे और बिजली कड़कने लगी। कुछ देर के बाद हवा के साथ बारिश शुरु हो गई। इस दौरान कई स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं व सरसों की फसलें नीचे बिछ गई।



**यमुनानगर।** सड़कों पर बारिश के बीच में से गुजरते हुए वाहन।

### मौसम में बदलाव जारी रहेगा

जिले में कई स्थानों पर तेज तो कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम में अभी भी बदलाव जारी है। जिससे किसान चिंतित हो उठे हैं। किसानों का कहना है इस समय बारिश गेहूं व सरसों की फसल के लिए नुक्सानदायक है।

### कड़ी मेहनत से तैयार की फसल

किसान रोशन लाल, परविंद्र सिंह, रमेश कुमार, श्योराम, बिट्टू, विनोद कुमार, रणबीर सिंह व महाबीर आदि ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल खेतों में पकने को तैयार खड़ी है। फसल को तैयार करने पर किसानों की जी-तोड़ मेहनत लगी हुई है। इस समय अचानक बारिश व हवा चलने से उनकी फसल बर्बाद होने की आशंका बन गई है। उनका कहना है कि जिन खेतों में गेहूं की फसल नीचे जमीन पर बिछ गई है, उसमें नुकसान होने की संभावना बन गई है।

### हवाओं ने बढ़ाई ठंड

रविवार को हवा के साथ हुई बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रह गया।



### कुरुक्षेत्र : आसमान में छाए बादल बारिश की आशंका

**कुरुक्षेत्र।** रविवार सुबह आसमान में छाए बादल और हल्की बूंदाबांदी से किसानों के माथे पर चिंता की रेखाएं उभर आई हैं। गेहूं की फसल तकरीबन सभी खेतों में पकी खड़ी है। ज्यादा बारिश होने से फसल पूरी तरह से जमींदोज हो सकती है। किसान आसमान में छाए बादलों को संकट के बादल समझ रहा है। मौसम जिस तरह से करवट बदल रहा है तो किसानों का अनुमान है कि बारिश के साथ ओले भी संभव है। ओला पड़ने से गेहूं खेतों में ही झड़ जाएगा। किसानों के घर तक गेहूं नहीं पहुंच सकेगा। इस समय खेतों में पूरी तरह से गेहूं पका खड़ा है। यदि बारिश होती है तो केवल भूसा ही किसानों के हिस्से में आएगा।

**सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन किरमच बोले**

## सरस्वती संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि हरियाणा सरकार सरस्वती सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को रादौर खंड के गांव दौलतपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष हरदीप सिंह सैनी द्वारा की गई। कार्यक्रम में पहुंचने पर वाइस चेयरमैन का भाजपा कार्यकर्ताओं और गांव के गणमान्य लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि प्रदेश सरकार सरस्वती सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड का उद्देश्य सरस्वती नदी से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का संरक्षण तथा उनका समुचित विकास करना है। ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपनी प्राचीन संस्कृति और विरासत के बारे में जानकारी मिल सके। इसी क्रम में गांव दौलतपुर क्षेत्र में सरस्वती नदी के तट पर घाट का निर्माण करवाया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिल सकेगी। इसके साथ ही सरस्वती नदी के दोनों किनारों को पक्का करने का कार्य भी कराया जाएगा।



**यमुनानगर।** गांव दौलतपुर में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच।

## खबर संक्षेप

### चैत्र चौदस मेले का आज होगा शुभारंभ

**पिहोवा।** पिहोवा में चार दिवसीय चैत्र चौदस मेले का शुभारंभ सोमवार को किया जाएगा। इस चैत्र चौदस मेले के सूचना केन्द्र का उदघाटन एसडीएम अनिल कुमार दून करेंगे। तहसीलदार पूनम सोलंकी ने कहा कि सरस्वती तीर्थ पर उपमंडल पिहोवा में हर वर्ष चैत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यह मेला पूरे हर्षोल्लास व भव्यता के साथ उपमंडल पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर 16 मार्च से 19 मार्च 2026 तक मनाया जाएगा। इस चैत्र चौदस मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए सूचना प्रसारण केंद्र बाल भवन में स्थापित किया गया है।

### कुरुक्षेत्र तीर्थ की अष्टकोसी परिक्रमा 18 मार्च को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र तीर्थ की अष्टकोसी परिक्रमा 18 मार्च बुधवार को सुबह 4:30 बजे आरंभ होगी। यह जानकारी देते हुए प्राचीन तीर्थ नाभी कमल मंदिर दराखेंड़ा के महंत विशाल मणिदास ने बताया कि यह अष्टकोसी परिक्रमा (24 किलोमीटर) मंदिर से आरंभ होकर सायं 7 बजे इसी मंदिर में संपन्न होगी। नाभिकमल तीर्थ से शुरू होकर यह तीर्थ यात्रा सोम तीर्थ कार्तिकेय मंदिर (ओजस तीर्थ) बाहरी, स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर, ब्रह्मामंदिर, दधिची तीर्थ, कुबेर तीर्थ आदि तीर्थों पर जाएगी। परशुराम तीर्थ, खीर सागर, नंदी-भौजी तीर्थ, सरस्वती तीर्थ खेड़ी मारकंडा, जिला कारागार के पीछे स्थित वृद्ध कन्या तीर्थ, रंतुक यक्ष (ठाकुरद्वारा रत्नदक्ष पिपली), शिव मंदिर पलवल, औघड़ तीर्थ, बाण गंगा दयालपुर, अपगया तीर्थ (कर्ण का टिल्ला), भीषम कुंड नरकातारी । इसके पश्चात नाभीकमल तीर्थ में यह यात्रा संपन्न होगी।

### आईआरएस अधिकारी अमन को किया सम्मानित

**शाहबाद।** रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के गौरव एवं रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य राज कुमार गर्ग के सुपुत्र आईआरएस अधिकारी अमन गर्ग के वर्ल्ड बैंक ग्रुप की संस्था आईएफसी में सीनियर कंट्री ऑफिसर के पद पर नियुक्त होने पर रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह पूरे शहर और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।. डॉ. घुम्मन ने बताया कि अमन गर्ग ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

### एक विचार ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त

**थानेसर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम, कुरुक्षेत्र साप्ताहिक सत्संग समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सत्या भारती ने अति दिव्य आध्यात्मिक विचारों के द्वारा उपस्थित भक्त जनों को कृतार्थ किया। उन्होंने कहा कि मन विचारों का समूह है लेकिन मन का कोई अपना अस्तित्व न होते हुए भी मन बहुत शक्तिशाली है क्योंकि हमारी वाणी और हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कर्म मन के विचारों के अनुरूप ही होता है। मन में उठी एक विचार की तरंग किसी घटना या दुर्घटना को जन्म दे सकती है।

## पीएनजी कनेक्शन वालों को नहीं मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

# कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई तय करेगी पांच सदस्यीय कमेटी

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल

- गैस संकट को लेकर सरकार के नए आदेश आज से लागू

शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच सरकार की ओर से जारी नए आदेश रविवार से लागू कर दिए गए हैं। नए नियमों के अनुसार जिन घरों या प्रतिष्ठानों में पहले से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन है, उन्हें ए ल पी जी गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। सी मि त उपलब्धता को देखते हुए कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई व्यवस्था तय करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी गैस एजेंसियों और प्रशासन के साथ मिलकर शहर में उपलब्ध सिलेंडरों की मात्रा और मांग का आकलन करेगी तथा उसी के आधार पर सप्लाई तय करेगी।

केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण का विनियमन) आदेश में संशोधन करते हुए यह व्यवस्था लागू की है। गजट अधिसूचना के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पास पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें एलपीजी सिलेंडर की रिफिल दी जाएगी। सरकारी तेल कंपनियों और उनके वितरकों को इस आदेश का पालन करना होगा। शहर में पिछले कुछ दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। गैस न मिलने के कारण कई प्रतिष्ठानों में कामकाज प्रभावित हुआ है। कई छोटे ढाबों और होटलों ने मजबूरी में इंडक्शन चूल्हे या कोयले का सहारा लेना शुरू कर दिया है, जिससे खर्च भी बढ़ रहा है और कामकाज की गति भी प्रभावित हो रही है। गैस एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार शहर में रोजाना सैकड़ों कमर्शियल सिलेंडरों की मांग रहती है, लेकिन पिछले दिनों सप्लाई में कमी आने के कारण बाजार में असंतुलन पैदा हो गया। ऐसे में प्रशासन की ओर से यह व्यवस्था लागू की जा रही है ताकि उपलब्ध सिलेंडर जरूरतमंद कारोबारियों तक पहुंच सकें।

### शहर में यह है मौजूदा स्थिति

शहर में बड़ी संख्या में होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें और कैटरिंग व्यवसाय कमर्शियल गैस सिलेंडरों पर निर्भर हैं। सप्लाई प्रभावित होने से इन कारोबारियों के सामने रोजमर्रा का काम चलाना मुश्किल हो गया है। कई छोटे ढाबों में गैस खत्म होने के कारण चूल्हे तक ठंडे पड़ने की नौबत आ गई। कारोबारियों का कहना है कि यदि जल्द नियमित सप्लाई शुरू नहीं हुई तो उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।




### सरकार के नए आदेश

पेट्रोलियम गैस आपूर्ति और वितरण आदेश में संशोधन
जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी कनेक्शन है उन्हें एलपीजी सिलेंडर नहीं मिलेगा
ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी की रिफिल भी नहीं दी जाएगी
सरकारी तेल कंपनियों और वितरकों को आदेश का पालन करना होगा

### क्यों बढ़ा गैस संकट

- कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई में कमी
- होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट की बढ़ती मांग
- कुछ जगहों पर कालाबाजारी की शिकायतें
- वैकल्पिक रूप में इंडक्शन और कोयले का इस्तेमाल

### कालाबाजारी पर भी प्रशासन की नजर

गैस की कमी के बीच कुछ स्थानों पर कमर्शियल सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। प्रशासन ने इस पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। यदि कोई एजेंसी या व्यक्ति निर्धारित दर से अधिक कीमत पर सिलेंडर बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नए आदेशों से क्या सुधरेगी स्थिति

विशेषज्ञों का मानना है कि पीएनजी कनेक्शन वाले घरों और प्रतिष्ठानों को एलपीजी सिलेंडर न देने से बाजार में मांग कुछ कम हो सकती है। इससे होटल, ढाबों और छोटे कारोबारियों को गैस मिलने की संभावना बढ़ेगी। हालांकि सप्लाई पूरी तरह सामान्य होने में अभी कुछ समय लग सकता है क्योंकि मांग के मुकाबले सिलेंडरों की उपलब्धता कम बताई जा रही है।

### नई व्यवस्था से उम्मीद

- पांच सदस्यीय कमेटी करेगी सप्लाई का निर्धारण
- जरूरतमंद कारोबारियों को प्राथमिकता मिलने की संभावना
- बाजार में मांग और सप्लाई का संतुलन बनाने की कोशिश

## चार विश्वविद्यालयों में स्थानीय युवाओं को कोटा देने की मांग


**करनाल।** सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

- वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सीनियर एडवोकेट राजेंद्र कल्याण के नेतृत्व में करनाल के वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री तथा करनाल-पानीपत से सांसद मनोहर लाल के सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में स्थापित चार विश्वविद्यालयों में स्थानीय युवाओं को प्रवेश और नौकरियों में कोटा देने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि करनाल के कुटैल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, अंजनथली में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, कैथल के मुंदड़ी गांव में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र के फत्तूपुर में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए रोड़ समाज के गांवों ने लगभग 400 एकड़ भूमि सरकार को उपलब्ध करवाई है। इतनी बड़ी भूमि देने के बावजूद स्थानीय युवाओं को शिक्षा और रोजगार में कोई प्राथमिकता नहीं दी जा रही। किसी एक संस्थान का नाम जगतगुरु ब्रह्मानंद जी के नाम पर रखा जाए तथा इन गांवों के युवाओं को प्रवेश और नौकरियों में विशेष कोटा दिया जाए। इसके अलावा गांवों के विकास के लिए वार्षिक ग्रांट भी निर्धारित की जाए। सांसद प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि वे इस मांग को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे तथा स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिलाने के लिए उचित स्तर पर बात करेंगे।

## एक हजार युवाओं ने कराया पंजीयन 20 मार्च को होगा सामूहिक विवाह

- युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 70 रिश्ते तय

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



अग्रवाल युवा संगठन की ओर से सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन वैश्य भवन में 26वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे परिवारों की मौजूदगी में लगभग 70 रिश्ते तय हुए, जबकि करीब एक हजार युवाओं ने परिचय के लिए पंजीकरण करवाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर रेनू वाला गुप्ता ने कहा कि आधुनिक दौर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन समाज के लिए बेहद जरूरी हो गए हैं। इन आयोजनों से परिवारों को एक-दूसरे को समझने और योग्य जीवनसाथी के चयन में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विवाह जैसे महत्वपूर्ण रिश्तों में मध्यस्थ की भूमिका अहम होती है और ऐसे सम्मेलन यही भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता ब्रज गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रदीप कुमार जैन, नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल, राजकुमार गोयल, प्रमोद बंसल और अमित गर्ग उपस्थित रहे। आयोजक रमेश जिंदल ने बताया कि वर्ष 2001 में इस सम्मेलन की शुरुआत हुई थी और पिछले 25 वर्षों में इस मंच के माध्यम से 15 से 20 हजार से अधिक रिश्ते तय हो चुके हैं।

### उपभोक्ताओं को उनके अधिकार बताए

**घरौंडा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ता दिवस मनाया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने उपभोक्ताओं को आह्वान किया कि कोई भी वस्तु खरीदे तो उसका रेट व एक्सपायरी डेट जरूर देखे। खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों ने नपा चेयरमैन हैप्पी गुप्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी सहित सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति के निरीक्षक इंद्र सिंह संधू, राजेश कुमार,, राहुल, पार्षद अश्विनी राणा पार्षद अनुज गुप्ता पार्षद आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि हैप्पी लक गुप्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी ने बताया कि उपभोक्ता दिवस साल में दो बार जिसमें 15 मार्च व 24 दिसंबर को मनाया जाता है।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## नवदीप कौर और आशु बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि नवचेतना मंच के संयोजक एवं समाजसेवी एसपी चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए मजबूत चरित्र, पवित्रता और मेहनत बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अगर अपने चरित्र को मजबूत रखते हैं तो वे जीवन में हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं।विशिष्ट अतिथि डीएसपी राजीव कुमार ने युवाओं को नशे और अपराध से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज के कई विद्यार्थी देश-विदेश में प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी शिक्षा, कला, संगीत और खेल सहित कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। बीटीएम की छात्रा नवदीप कौर ने सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी और बीए के छात्र आशु ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का खिताब जीता। स्टाफ रेस में प्रो. रमन भट्टी ने पहला, प्रो. कुलदीप ने दूसरा और प्रो. नीरज सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला स्टाफ रेस में प्रो. अंजु पहले, डॉ. बलजीत कौर दूसरे और प्रो. मीनाक्षी तीसरे स्थान पर रहीं। शॉटपुट प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया।



## बंद मिला इग्नू सेंटर का गेट

- मैसेज के बाद रविवार को पहुंचे विद्यार्थी, पुलिस हस्तक्षेप के बाद खुला गेट

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के करनाल स्थित क्षेत्रीय केंद्र पर रविवार को असाइनमेंट जमा कराने पहुंचे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। छात्रों का कहना है कि 6 मार्च को आए मैसेज के बाद वे रविवार को असाइनमेंट जमा कराने पहुंचे थे, लेकिन केंद्र का गेट बंद मिला। अंदर कर्मचारी मौजूद होने के बावजूद काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिला। इससे नाराज छात्रों ने विरोध जताया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बातचीत के बाद गेट खुलवाकर मामला शांत कराया।

छात्रों ने बताया कि मैसेज में लिखा था कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक असाइनमेंट जमा नहीं कराए हैं, वे रविवार को आकर जमा करवा दें। इसके बाद करनाल समेत आसपास के जिलों से कई छात्र असाइनमेंट जमा कराने केंद्र पहुंचे थे। करनाल के साहिल, कुरुक्षेत्र की सुवेता, मुकेश, पूनम और राधा सहित कई छात्रों ने बताया कि पिछले रविवार को भी कई विद्यार्थी असाइनमेंट जमा कराने आए थे, लेकिन उस दिन भी उन्हें वापस भेज दिया गया था। इस बार भी दूर-दूर से पहुंचे छात्रों को गेट के बाहर इंतजार करना पड़ा।

### कार्यकर्ताओं की निष्ठा और परिश्रम पर टिकी संगठन की नींव : सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक पार्टी नहीं है बल्कि परिवार है। जहां संगठन की नींव हमारे कार्यकतार्ओं की निष्ठा, समर्पण और परिश्रम पर टिकी है। मंडल अध्यक्ष के रूप में आप सभी उस नींव के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाते हैं। आपका नेतृत्व, आपकी सक्रियता और आपका समर्पण ही पार्टी को आज इस मुकाम तरविवार को लाडवा के शिवाला राम कुंडी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रही थी।

## नाबालिग छात्रा के साथ रिश्ते के चाचा ने किया दुष्कर्म

- पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म, आरोपी को जेल भेजा

**करनाल ।** जिले में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की, जो सरकारी स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा है, के साथ उसके सगे रिश्ते के चाचा ने डरा-धमकाकर बार-बार दुष्कर्म किया। इस घिनौनी वारदात के कारण पीड़िता गर्भवती हो गई और उसने 13 मार्च को एक बच्चे को जन्म दिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब 8 महीने पहले जब वह घर पर अकेली थी, तब उसके चाचा अमर ने घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती की। शोर मचाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने दोबारा भी घर में घुसकर पीड़िता के साथ गलत काम किया। डर के कारण छात्रा ने यह बात किसी को नहीं बताई। 11 मार्च को जब लड़की के पेट में तेज दर्द शुरू हुआ, तब उसने अपनी माँ को आपबीती सुनाई। आरोपी अमर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल में भेज दिया गया है।

## न्यूज डायरी

### विस अध्यक्ष की माता को दी श्रद्धांजलि



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की माता श्रीमती प्रेम कौर कल्याण के निधन पर शोक जताने के लिए बड़ी संख्या में लोग आज भी मधुबन के नजदीक कल्याण फॉर्म पहुंचे। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े नेताओं, अधिकारियों, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों और घरौंडा क्षेत्र के अनेक लोगों ने श्रीमती प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही शोक संतप्त परिवार को अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति व संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि देने वालों में हरियाणा भाजपा के संगठन मंत्री फणींद्र नाथ, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक सतपाल जांबा,पूर्व सांसद संजय भाटिया, गोहाना के पूर्व विधायक जगबीर मालिक, पूर्व विधायक रणधीर गोलन, चेयरमैन धूमन सिंह किरमच, आईएएस विनय प्रताप, आईएएस मुकुल कुमार, आईएएस वीरेंद्र दहिया, पूर्व डीजीपी शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी रवि किरण माटा, पूर्व आईएएस बीएस मालिक, पूर्व सांसद अशोक तंवर, पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, रोड़ महासभा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह उर्फ बब्बू, पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, एचएसजीपीसी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि 87 वर्षीय प्रेम कौर कल्याण का निधन शुक्रवार की रात को हो गया था।

### प्रेम कौर के निधन पर वीरेश शांडिल्य ने जताया शोक

**घरौंडा।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण की माता प्रेम कौर कल्याण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शांडिल्य रविवार दोपहर कल्याण परिवार से मिलने पहुंचे और इस दुखद घड़ी में अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनका कल्याण परिवार के साथ लगभग 30 वर्षों पुराना पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने भावुक होकर बताया कि कई बार उन्हें माता प्रेम कौर कल्याण के हाथ के बने हुए परांठे खाने का सौभाग्य मिला, जो आज भी उन्हें परिवार के स्नेह और मातृत्व की याद दिलाते हैं। माता प्रेम कौर कल्याण ने अपने पुत्र हरविंद्र कल्याण, समर सिंह कल्याण और देवेंदर कल्याण को जो संस्कार और परवरिश दी, वही आज उनके व्यक्तित्व और जनसेवा में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि माता प्रेम कौर का अपने बेटों को समाज और जनता की सेवा के लिए समर्पित करना अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि कल्याण परिवार हमेशा से जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और समाज के लिए कार्य करता आया है। माता प्रेम कौर कल्याण का व्यक्तित्व और उनके दिए हुए संस्कार ही इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने अपने परिवार को सेवा, समर्पण और समाजहित की भावना से आगे बढ़ाया।अंत में वीरेश शांडिल्य ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि माता प्रेम कौर कल्याण का स्नेह, आशीर्वाद और उनका व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय सचिव नवरत्न गर्ग, सुरेंद्र पाल केके, संजीव सेठ समेत कई फ्रंट सदस्य मौजूद थे।

## अब तक 710 कन्याओं के विवाह करवा चुका मानव सेवा संघ

# जरूरतमंद कन्याओं का कराया सामूहिक विवाह

- 14 जून को अगला सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



मानव सेवा संघ के प्रांगण में रविवार को जरूरतमंद परिवारों की पांच कन्याओं का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई।

संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ति ने नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। मानव सेवा संघ कई वर्षों से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह करवाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 710 कन्याओं के विवाह संपन्न करवाए जा चुके हैं और अगला सामूहिक विवाह समारोह 14 जून को आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने समाज की संस्थाओं और समर्थ लोगों से इस पवित्र कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मानव सेवा संघ लंबे समय से "नर सेवा ही नारायण सेवा" के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। संघ के उपप्रधान डॉ. भगत राम खंडवाल एडवोकेट ने बताया कि सीमा-साजन दुआ, अंशु-सचिन, गीता-सुखबीर, प्रीति-रोहित कुमार और पूजा-दीपक का विवाह विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि करनाल के दानवीर लोगों के सहयोग से नवविवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग का सामान और उपहार भी प्रदान किए गए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजेश्वर, स्वतंत्र गुप्ता, चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन रामेश्वर गुप्ता, ट्रस्टी विजय गुप्ता, बिंदिया गुप्ता, रविंद्र सिंह, हेल्पिंग हैंड संस्था की टीम, एनडीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. हौशिला प्रसाद त्रिपाठी, दुलीचंद शर्मा, नागेश गुप्ता सीए, केहर सिंह चौपड़ा, महेंद्र सिंह नरवाल, चौधरी लाजपत राय, एसडी अरोड़ा, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण अहम : रमेश

**घरौंडा।** घरौंडा विधानसभा के मधुबन मंडल के गांव कम्बोपुरा के कम्यूनिटी हाल में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत मण्डल के सूचीबद्ध सैकड़ों कार्यक्रताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर 5 सत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत पिछड़ा वर्ग चैयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र ने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित करके की।

प्रथम स्तर में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी की आत्मा है और अंत्योदय उसका मंत्र है। उन्होंने कहा यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं में राष्ट्रवाद, सेवा भाव और वैचारिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना है, जो भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाती है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में पांच लोग गंभीर घायल

**समालखा।** जीटी रोड पर संत निरंकारी ग्राउंड के सामने क ई-रिक्शा रॉन्ग साइड से आ रही कार की टक्कर से पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक जय कुमार, यात्री अमरेश, सीमा, रियांस, शिव उपाध्याय घायल हुए। दूसरी ओर, घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इधर, थाना समालखा की हलदाना चौकी इंचार्ज राणा प्रताप ने बताया कि हादसा करने वाली कार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जबकि इस केस की शिकायत मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### बच्चों ने सीखे कला के गुर

**पानीपत।** आरोहण फाउंडेशन द्वारा झुग्गी झोपड़ में रहने वाले बच्चों के लिए मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया गया। मस्ती की पाठशाला में आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप मालिक एवं फाउंडेशन सदस्य सुरेंद्र राठी ने बच्चों को कला की बारीकियां सिखाई। फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप मालिक ने बताया कि मस्ती की पाठशाला के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि सभी बच्चे प्रतिभाशाली बन सके। वहीं, आरोहण फाउंडेशन का प्रयास है कि हर बच्चों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जाए ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण में सहयोग किया जा सके।

### डीपीएस स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया

**पानीपत।** आईसीएस के संस्थापक परिमल कुमार ने गांव बांध के डीपीएस पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव उमंग में भाग लिया। वहीं कार्यक्रम में विकास जागलान, सुमन जागलान, राजेन्द्र सिंह मोर, जगबीर मोर, जोगिंदर सिंह उर्फ अन्नू जागलान, फूल सिंह, करतार सिंह, राजकुमार, धर्मपाल, ओम सिंह जागलान, इसराना ब्लाक समिति चैयरमेन हरपाल मलिक, दीपक कुमार, प्रवीण पांचाल, रणधीर सिंह, राममेहर कारद, सतीश शर्मा, नत्था सिंह, रविन्द्र जागलान, जगबीर सिंह जागलान, जसबीर सिंह व जगबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दिल्ली में प्रदर्शन करेगी माकपा

**पानीपत।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर भाजपा सरकार की कॉर्पोरेट सांप्रदायिक परस्त जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी चौबीस मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में देशव्यापी विशाल रैली तैयारी में राज्य स्तर पर जन आक्रोश जत्था ने पानीपत जिला में विभिन्न स्थलों पर जनसभाओं सैकड़ो लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर जय भगवान, सविता, सविता मलिक, सुनील दत्त, डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल, प्रीतम रावल, रोहतास पायल राजेंद्र छोकर, गुलाब सिंह, कंवर सिंह छोकर, सांईराम पंवार, निशांत, विकास पंवार, लक्ष्मी, जयपाल नंबरदार, राजवीर गिरी आदि मौजूद रहे।

### नगर परिषद पर घोर उपेक्षा का आरोप लगाया

**समालखा।** समालखा की सबसे बड़ी अप्रूव्ड कालोनी श्री तारा एन्क्लेव वासियों ने नगर परिषद पर घोर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कालोनी की समस्याओं को तत्काल हल करने की मांग की है और आंदोलन की चेतावनी भी दी है। आज कॉलोनी में सभी कालोनी वासियों ने आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर की अध्यक्षता में मीटिंग की। इस अवसर पर मनोज धीमान, संदीप बटार, नरेश बैनीवाल, सुखबीर छोकर, संदीप चौहान, जोगेंद्र सिंह, मांगे राम त्यागी, अश्वनी त्यागी, संदीप शर्मा, रविन्द्र छोकर, नरेंद्र चौहान, नितिन, मनीष, ईश्वर दयाल शर्मा, अरविंद कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### सूर्य घर योजना का लाभ लें

**पानीपत।** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का नागरिक अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। इस कड़ी में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिले के नागरिकों से घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगवाकर योजनाओं के कार्यान्वयन की बात कही है।

---

आरोपी से एक लाख बरामद, दुष्कर्म का केस दर्ज करवाने की धमकी दे 15 लाख मांगे थे

# रिटायर्ड पुलिस अफसर को हनी ट्रैप में फंसाने वाले गिरोह की महिला पकड़ी

फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर को हनी ट्रैप में फंसाकर घर पर बहाने से बुला पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी वीडियो बनाकर दुष्कर्म के केस का भय दिखा जबरन वसूली करने के गिरोह की आरोपी महिला मनीषा निवासी चुलकाना रोड, समालखा को एक लाख रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इधर, थानेदार समालखा गुलशन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ऑफिस को शनिवार को गन्नौर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया था वह पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत हैं।

सोनीपत के गन्नौर के गांव आहुलाना निवासी रणबीर के साथ उसकी काफी समय से जान पहचान है। रणबीर ने उसको करीब एक साल पहले गन्नौर निवासी सतबीर से मिलवाकर बताया था सतबीर उसका जीजा है। बाद में सतबीर के साथ भी उसका मेल जोल बढ़ गया था। फरवरी 2026 में रणबीर ने उसको अपनी जानकार समालखा चुलकाना रोड निवासी मनीषा नाम की एक महिला से मिलवाया और कहा उसका पति शराब पीकर महिला के साथ मारपीट करता है। मारपीट से महिला काफी परेशान है। महिला ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। 10 मार्च को मनीषा की उसके पास कॉल आई और बताया उसका पति मारपीट कर उसको घर से निकल रहा है। महिला ने पति को समझाने के लिए उसको अपने घर पर बुलाया। वह घर गया तो महिला अकेली मिली। उसने पति के बारे में पूछा तो बताया वह ठेके पर शराब लेने गया है।

महिला उसके लिए रसोई से पानी लेकर आई। उसने पानी पिया तभी सिर भारी होने लगा और दिमाग काम नहीं कर रहा था। महिला हाथ पकड़कर उसको कमरे में ले गई और अपनी मर्जी से नाजायज संबंध बनाएं। महिला ने इसकी छुपके से वीडियो बनाकर सतबीर व रणबीर के पास भेज दी। सतबीर ने 11 मार्च को उसकी पत्नी के पास फोन कर कहा उसके पति ने मनीषा नाम की एक महिला के साथ गलत काम किया है। महिला थाने में शिकायत देने के लिए जा रही है, अगर कहो तो वह इसको रुकवा देगा। इसके लिए उसे 8 से 10 लाख रुपये देने होंगे। पत्नी ने सतबीर से कहा वह हार्ट की मरीज है, अभी उसका ऑपरेशन हुआ है आप बेटे से बात कर लें। सतबीर ने बेटे से फोन पर बात कर इसके लिए 15 लाख की डिमांड की। बेटे ने कहा अंकल अभी उसके पास पैसे नहीं हैं, सारे पैसे मां के इलाज पर खर्च हो गए हैं।

पैसों का इंतजाम करने के लिए उसे थोड़ा समय चाहिए। बाद में रणबीर ने उसके पास फोन कर पैसों की डिमांड की और गाली गलौज करते हुए कहने लगा जल्दी पैसे दे दो नहीं तो उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवा देगा। इसके बाद महिला ने उसके पास फोन कर कहा रणबीर व सतबीर को पैसे देने की जरूरत नहीं है वह उसको ही पैसे दें। वह एफआईआर दर्ज नहीं कराएगी।

#### टीम की गठित

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र के के निर्देशानुसार शिकायत जांच के लिए समालखा थाना में भेजी गई। शिकायत की जांच पश्चात समालखा थाना में व्यक्ति की शिकायत पर बीएनएस की धारा 308(6), 3(5) के तहत अभियोग दर्ज किया था। थानेदार गुलशन ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति के पास महिला मनीषा बार-बार कॉल कर पैसे देने का दबाव बना रही थी। शनिवार को एक लाख रुपये देने का दबाव बनाया। पुलिस ने मनीषा को रंगे हाथ काबू करने के लिए सब इंस्पेक्टर प्रदीप के नेतृत्व में महिला सब इंस्पेक्टर सरिता और हवलदार अमित को शामिल कर एक टीम गठित की। पीड़ित व्यक्ति एक लाख रुपए लेकर शनिवार देर शाम को समालखा फ्लाईओवर पुल की नीचे अड्डे पर पहुचा। मनीषा यहां से उसे ई-रिक्शा पर अनाज मंडी में ले गई। अनाज मंडी में मनीषा ने जैसे ही पीड़ित से वसूली के एक लाख रुपए लिए तो पुलिस टीम ने उसे रंगे हाथ काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी मनीषा के पास से जबरन वसूली के एक लाख रुपए बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। जबकि आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बार-बार फोन कर तीनों आरोपी झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर पैसे देने का दबाव बना रहे हैं।

---



पानीपत। अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का दृश्य।

# नगर निगम में शामिल हो अंसल सुशांत सिटीः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन पानीपत की जीबीएम की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरेंद्र राणा महामंत्री ने बताया कि एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होकर नौ मई को संपंन होगी। ये चुनाव डेलीगेट सिस्टम से होंगे। हर ब्लॉक के कुल सदस्यों में से हर दस पर एक डेलीगेट चुना जाएगा। ये डेलीगेट आगे चुनाव में प्रधान, वरिष्ठ उप प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव दो, संगठन सचिव सह संगठन सचिव और कोषाध्यक्ष चनेंगे।

#### बैठक हुई गठित

बैठक में यूपीएससी चयनित कीर्ति के पिता जोगिंद्र पंवार को भी सम्मानित किया गया। बैठक में अंसल की समस्यों व नगर निगम में शामिल किए जाने पर चर्चा हुई। जबकि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने समाजसेवी हरीश अरोड़ा के फोन के माध्यम से उपस्थित अंसल निवासियों को बताया कि अंसल को नगर निगम में शामिल कराने के प्रयास तेजी से चल रहे है।

# कन्या का भ्रूण मिला, केस दर्ज


**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-29 के फ्लोरा चौक पर करीब सात माह का विकसित कन्या लिंग का भ्रूण मिला है। भ्रूण को कुत्ते नौच रहे थे। राहगिरों की सूचना पर हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल की जांच करवाई। कुत्तों ने भ्रूण को क्षत-विक्षत कर दिया था। पुलिस ने जांच के बाद भ्रूण का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं माना जा रहा है कि अज्ञात महिला ने जन्म देने के बाद भ्रूण को फैंका है। दूसरी ओर, पोस्टमार्टम के बाद भ्रूण का जन सेवा दल ने अंतिम संस्कार दिया। थानेदार हुडा ने बताया कि भ्रूण बरामदगी केस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांचा कर आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

---

# नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर मोहा सबका मन

■ आरंभ फाउंडेशन ने अपना स्थापना दिवस अधिरा महोत्सव के रूप में आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। आरंभ फाउंडेशन के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अतिथि।

पानीपत के जैन मोहल्ला स्थित जैन किड्स स्कूल के प्रांगण में आरंभ फाउंडेशन एवं जैन किड्स स्कूल के द्वारा महिला दिवस एवं फाउंडेशन के दसवें स्थापना दिवस को अधिरा महोत्सव हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों पार्षद नवल जिंदल, मोटिवेटर राजीव परुथी, वर्ल्ड चैंपियन प्रवीन नांदल, कुलवंत सिंह, समाज सेविका सुमन गुप्ता, शशि जैन, सुधा जैन ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलन कर इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ममता जैन के द्वारा की गई। वहीं, जैन किड्स स्कूल के प्रिंसिपल मोनिका सहगल, स्कूल मैनेजर संजीव जैन व फाउंडेशन के संरक्षक दिनेश जैन के द्वारा अतिथियों का स्वागत फाउंडेशन की प्रथा के अनुसार फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा एक पौधा और गमला देकर किया गया। वहीं, जैन किड्स स्कूल के बच्चों के द्वारा महामंत्र णमोकार पर सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इधर, आरंभ फाउंडेशन के द्वारा चल रहे कार डस्टबिन वितरण अभियान मिशन 10000 का शुभारंभ किया गया। मिशन में हेल्पिंग हैंड्स व इनर व्हील क्लब मिड टाउन हमेशा की तरह सहयोग करेगा। जबकि कार्यक्रम में जूट बैग वितरण अभियान का भी शुभारंभ किया गया।

#### सम्मानित किया

दूसरी ओर, कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन पंचायत रजि. पानीपत, हेल्पिंग हैंड्स एंव इन्हर व्हील क्लब मिड टाउन पानीपत को समाज में उनके द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओ के लिए मैं हू गांधी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। जबकि उत्कृष्ट सेवाओं को लिए नारी शक्ति मेयर कोमल सैनी, कंचन सागर, सविता आर्य, ममता जैन, रुपाली चोपड़ा, आरती सिंगला, बृज बरेजा, डॉ दीप्ति जैन, श्रुति चावला, सोनम, रामादेवी, निव्या जैन, अरुणा बंसल, शिल्पा परूथी, डॉ रश्मि दुआ, शिक्षाविद् मोनिका सहगल, अनु कालरा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सिम्मी सहारिया, मलीहा खुराना, रेनु सैनी, तन्वी कौर, एकता अनेजा, अंजू सिंह, मोनिका कक्कड़, पूजा अरोडा, सुनीता कश्यप, दीपाली अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

---

# मैथमेटिक्स को जोयफुल बनाएं टीचर्स



पानीपत। डीएवी स्कूल में कार्यशाला में भाग लेने पहुंचे टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल प्रांगण में जोयफुल मैथमेटिक्स विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रशिक्षिका सपना त्यागी व कविता ने अनेक युक्तियों द्वारा सभी को मनोरंजन पूर्ण ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने गणित को विद्यार्थियों के लिए अधिक रोचक, सरल और आनंददायक बनाने के लिए अनेक नवीन एवं रचनात्मक शिक्षण विधियां भी सांझा की। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण खेल, पहेलियां तथा दृश्य सामग्री के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं को सरल बनाने के तरीकों पर विशेष बल दिया। दूसरी ओर, डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल कालोनी में सीबीएसई द्वारा योग्यता आधारित शिक्षा पद्धति पर सेमिनार आयोजित हुआ। वहीं सीबीएसई द्वारा योग्यता आधारित शिक्षा पद्धति को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य है। सेमीनार में प्रधानाचार्या भव्या शर्मा के नेतृत्व में 50 शिक्षकों ने भाग लिया। वहीं, शिक्षा विशेषज्ञों निशा कुमारी व सत्य चौधरी ने प्रभावी ढंग से अपने विषयों को प्रस्तुत किया।

---

# पर्यावरण को घना करना हर नागरिक का कर्तव्यः हरपाल ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ एल्डिको अस्टेट वन में पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ

पानीपत की एल्डिको अस्टेट वन में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से ई-रिक्शा सेवा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी हरपाल ढांडा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए कन्वीनर राजबीर सिंह रोहा ने बताया कि सोसाइटी में पर्यावरण संरक्षण के लिए कुल ढाई सौ पेड़ लगाए जाएंगे, वहीं रविवार को 15 पेड़ लगाए गए। पर्यावरण को घना करना हर नागरिक का कर्तव्य है। इधर, आरडब्ल्यूए कन्वीनर राजबीर सिंहरोहा ने कहा कि एल्डिको पानीपत की अग्रणी रिहायसी कालोनी है। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, कृष्ण लाल खत्री, नरेश मलिक, सज्जन देशवाल, दीपक गोयल, अनिल गोयल, डॉ. वी. भाटिया, अशोक खत्री, जवाहर सचदेवा, संजय रावल, सरदार शेर सिंह, नरेश पाल, मनीष मित्तल, लक्ष्य बजाज, कमल आहूजा, दीनानाथ गुप्ता, दरियाव सिंह, भारत भूषण सहगल, चरणजीत नारंग, राजेंद्र मित्तल, मदन बजाज, सुनील गोयल, जयप्रकाश शर्मा, एल्डिको के स्टेट मैनेजर विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।




पानीपत। एल्डिको अस्टेट वन में पौधे रोपते हुए हरपाल ढांडा व राजबीर सिंहरोहा। फोटो :हरिभूमि

---

# पूर्व केंद्रीय मंत्री पर तकनीकी संस्थान की करोड़ों की भूमि हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को शिकायत देकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ.चांद राम और उसके बहू बेटे पर दलितों पिछड़ों के तकनीकी संस्थान की 200 करोड़ रुपये मूल्य की 15 एकड़ भूमि हड़पने आरोप लगाया है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के आदेश पर एसडीएम की अगुआई में डीटीपीपी व तहसीलदार की तीन सदस्यीय जांच टीम ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। कपूर ने आरोप लगाया कि भूमि माफिया को बड़े भाजपा नेता का संरक्षण है।



पानीपत। पीपी कपूर शिकायत पत्र दिखाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*


#### यह है मामला

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने डीसी को शिकायत देकर आरोप लगाया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ.चांद राम व उनके बेटे और बहू ने पानीपत में 200 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की 14.75 एकड़ भूमि हड़प कर बड़ा घोटाला किया है। शिकायत में बताया कि वर्ष 1978 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री एवं रोहतक से सांसद चौ.चांद राम ने आल इंडिया अंत्योदय एजुकेशन सोसाइटी को रजिस्टर्ड कराया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री व देश भर से कई एमपी, विधायक व ब्यूरोक्रेट्स शामिल थे। दलित व पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए तकनीकी संस्थान बना कर तकनीकी शिक्षा देने के लिए सोसायटी बनाई थी। वर्ष 1982 में इस सोसाइटी ने पुनर्वास विभाग हरियाणा सरकार से रियायती दरों पर असंध रोड़ दोनों नहर पार तरफ इंसार में 14.75 एकड़ भूमि अलॉट करा ली। अलॉटमेंट की शर्तों के मुताबिक इस भूमि का उपयोग सिर्फ तकनीकी संस्थान करने के लिए था दूसरा उपयोग करने पर भूमि का अलॉटमेंट रद्द करके जमा धनराशि जब्त की जानी थी। वर्ष 1984 में यहां मात्र आधा एकड़ भूमि पर विधाता टेक्निकल इंस्टीट्यूट के नाम से आईटीआई बनाई गई और बाकी भूमि कृषि कार्य के लिए ठेके पर दे दी गई। यह आईटीआई भी वर्ष 1995 में ठप्प हो गई और मौके पर भूमि माफिया ने बाउंसर बैठा रखे हैं। भूमि को कृषि कार्य के लिए ठेके पर देकर पिछले 48 वर्षों से प्राप्त आमदन को चौ चांद राम लेते रहे। वर्ष 2015 में उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी, फिर बेटा फिर बहू इस सोसाइटी की सर्वे सर्वा बन कर भूमि को ठेके पर देकर आमदन लेते रहे। यानि जिस उद्देश्य के लिए सरकार से सस्ते दामों पर भूमि अलॉट कराई थी, उस उद्देश्य को दफन कर इस 14.75 एकड़ भूमि को अपनी निजी संपति मान लिया गया। पानीपत के एक बड़े भाजपा नेता के भूमि माफिया को संरक्षण के कारण अधिकारियों ने इस सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं लिया।

---

### भाजपा की रीढ़ हैं कार्यकर्ताः हरपाल

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 24 स्थित गुर्जर भवन में पानीपत ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले काला आम मंडल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्विदिवसीय महा प्रशिक्षण अभियान शिविर संपंन हुआ। वहीं, ईश कुमार राणा, मंडल अध्यक्ष गुरुदेव कुमार, रविंद्र भाटिया, सुमित जगलान, सुनील परढाना, डॉ. अर्चना गुप्ता गजेंद्र सलूजा आदि ने संबोधन करते हुए कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की रीढ है। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता हरपाल ढांडा व डॉ राजबीर आर्य मंडल अध्यक्ष गुरुदेव कुमार आदि ने पौधे रोपे। इस अवसर पर दीपक गोयल, कृष्ण दहिया, अश्वनी संधू, पार्षद सर्वेश शर्मा पार्षद अजीत प्रजापत, अजमेर मलिक, कंवल सहारण, राजेश सरपंच रिसालू, मनोज सरपंच नींबरी काकू ठाकुर कृष्ण राघव, उषा सैनी, सविता शर्मा, निधि, कोमल, राजबीर मलिक, राजू पहलवान, प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### गांधी ग्लोबल ने शोक जताया

**पानीपत।** गांधी ग्लोबल फैमिली और निर्मला देशपांडे संस्थान ने राष्ट्रीय युवा परियोजना के महासचिव तथा गांधी आश्रम जौरा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रण सिंह परमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं, शोक सभा में गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव एवं निर्मला देशपांडे संस्थान के अध्यक्ष राम मोहन ने कहा कि रण सिंह परमार गांधी ग्लोबल फैमिली के के अभिन्न अंग थे।

---

सैनी सेवा ट्रस्ट ने नशे के विरुद्ध मैराथन का आयोजन किया

# पानीपत को नशा मुक्त जिला बनाएंगेः मेयर सैनी

कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से अतिथिगणों का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह के साथ भव्य स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा




सैनी सेवा ट्रस्ट के कार्यक्रम विजेताओं को सम्मानित करते हुए मेयर कोमल सैनी।

पानीपत के गांव देहरा में रविवार को सैनी सेवा ट्रस्ट की ओर से नशा मुक्ति के लिए तीसरी मैराथन दौड़ का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने कहा कि नशा हमारे समाज के लिए अभिशाप से कम नहीं है। नशाखोरी की लत युवाओं की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि परिवार, करियर और पूरे समाज की नींव को कमजोर कर देती है। इधर, ट्रस्ट के संस्थापक कर्ण सिंह सैनी ने कहा कि अपने हरियाणा प्रदेश में खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन हैं, बल्कि यह राज्य की संस्कृति, गौरव और रोजगार का प्रमुख आधार बन चुके हैं। इधर, कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से जहां सभी अतिथिगणों का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह के साथ भव्य स्वागत किया गया।

दूसरी ओर, पुरुष वर्ग में 15 किमी की मैराथन दौड़ में प्रथम संदीप उत्तर प्रदेश को 31 हजार रूपये, द्वितीय विनय निवासी सोनीपत को 21 हजार, महिला वर्ग की 10 किमी की दौड़ में प्रथम मुस्कान खेवड़ा सोनीपत को 11 हजार, दूसरे स्थान कविता हिसार को 51 सौ रूपये देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरपंच रामधन राक्सेड़ा, सोनू गोहाना, सुखबीर उग्राखेड़ी, राममेहर मीमारपुर, जयकिशन आढ़ती, नरेश, मदन, राजकुमार रोहतक, रामफल, मुकेश पट्टीकल्याण, जयपाल महावटी, अजब सिंह गढ़ी त्याग्यान, नवरत्न पावटी, मामन छाछिया, कृष्ण हथवाला, कैप्टन अमरीश, रामनिवास गाहल्याण, कर्ण सिंह सैनी, माया देवी, रणधीर चौहान, राम सिंह कारकौली, दिलबाग राठधाना, बलबीर, अनिल, मोहन लाल, सोहन लाल, संजय सैनी, प्रेम, नंद किशोर, विकास, नरेंद्र, राकेश गाहल्याण, राजकुमार सैनी, रामरूप, नीलम सैनी, राजू, मोहित, टोनी, नशा मुक्ति अभियान के जिला इंचार्ज जगपाल, रविंद्र, नितिन, विनय, आशीष आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मॉस्किटो रिफिल चोरी करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** अंबाला छावनी पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सर्राफा बाजार स्थित एक दुकान से मॉस्किटो रिफिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा रिफिल बरामद कर ली है। शिकायतकर्ता तरुण बंसल ने 29 जनवरी 2026 को उनकी दुकान से मॉस्किटो रिफिल का एक नग (पैकेट) चोरी हो गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार काबू किया। गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी संदीप कुमार को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 553 किसानों ने आवेदन किया

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा केंद्र सरकार की वर्ष 2025-26 में एस बी-89 योजना के अंतर्गत अनुसूचित श्रेणी के व्यक्तिगत किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान देने के लिए विभागीय पोर्टल पर 27 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। 15 जनवरी 2026 तक अनुसूचित श्रेणी के कुल 553 व्यक्तिगत किसानों ने आवेदन किया था। इन 553 आवेदकों में से कुल 45 आवेदकों का चयन 19 फरवरी 2026 को ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया गया था। इन 45 चयनित आवेदकों मे से 44 आवेदकों ने अपने ट्रैक्टर के बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### दिल्ली का नशा तस्कर लखन फिर गिरफ्तार

**अंबाला।** एंटी नारकोटिक सैल ने मुस्तैदी दिखाते हुए दिल्ली के एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान लखन, निवासी मलिका गंज, पुरानी दिल्ली के रूप में हुई है जिसे 15 ग्राम हेरोइन के साथ अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के पास से काबू किया गया। निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक्टिवा पर नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाला है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुभाष पार्क के पास नाकाबंदी की और आरोपी लखन को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### शादी का झांसा देकर विधवा से किया दुष्कर्म

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी में अंबाला जिले की एक 30 साल की विधवा महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस मामले में आरोपी महिला ने आरोपी पर उसके अपने दोस्त के साथ संबंध बनाने के लिए भी मजबूर करने का भी आरोप लगाया। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि करीब 3 साल पहले उसके पति की मृत्यु हो गई थी और उसके दो बच्चे हैं। वह मजदूरी करने के लिए कैथल आई थी। जुलाई 2024 में उसकी पहचान कैथल निवासी दीपक से हुई, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। दीपक ने उसे शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## परीक्षा के दौरान मिला वीआईपी ट्रीटमेंट

# कहीं ड्रम बजाकर तो कहीं फूलों के गुलदस्ते से हुआ लर्नर्स का अभिनंदन

**पति-पत्नी, सास-बहु और जेठानी-देवरानी ने इक्कठे बैठकर दी उल्लास परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

निरक्षरता का कलंक मिटाने के उद्देश्य से जिले में अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इसके चौथे चरण की परीक्षा का आयोजन पूरे राज्य के साथ-साथ अम्बाला जिले के 762 राजकीय विद्यालयों में से 485 सामाजिक जनचेतना केंद/ परीक्षा केंद्रों में किया गया। 9804 लर्नर्स द्वारा यह परीक्षा दिए जाने की सूचना है। यह प्रदेश में उल्लास परीक्षा परीक्षा देने वालों की किसी भी जिले में सर्वाधिक उल्लास लर्नर संख्या है। चौथे चरण की परीक्षा हुई है। इससे पहले 22 सितंबर 2024 को पहले चरण 6760 लर्नर ने परीक्षा दी थी जिसमें 6204 लर्नर्स ने परीक्षा पास की थी। दूसरे चरण में 30 मार्च 2025 को 4872 लर्नर्स ने परीक्षा दी थी। 4685 लर्नर्स ने परीक्षा पास की थी। तीसरे चरण की परीक्षा 28 सितंबर 2025 को 4916 लर्नर्स ने परीक्षा दी थी और 4797 लर्नर्स ने परीक्षा पास की थी।

पिछले तीनों चरण की परीक्षा में कुल 16548 दे चुके है और 15686 लर्नर्स परीक्षा पास साक्षर बन चुके हैं। इस परीक्षा के लिए 485 सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए और लगभग 1500 कर्मचारियों को परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर कालड़ा सहित जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी, डिप्टी डीईओ मोनिका, डीपीसी सीमा, जिला उल्लास समन्वयक सुशील अरोड़ा, सभी खंड शिक्षा अधिकारी व सभी संकुल प्रमुखों आदि अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सौंडा, माजरी, दुराना, मोहड़ा , प्रेम नगर के परीक्षा केंद्रों और उल्लास जनचेतना केंद्रों का निरीक्षण किया।


अंबाला। परीक्षा देते बुजुर्ग।



### विद्यालयों में शिक्षा अधिकारी का दौरा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, माजरी, दुराना एवं मोहड़ा में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने परीक्षा उपरांत लर्नर्स से परीक्षा एवं पढ़ाई–लिखाई के बारे में बातचीत करते हुए उनका और उनके परिजनों का कुशल-क्षेम जाना। जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति सभी उपस्थित लर्नर्स ने आदर भाव प्रकट किया एवं प्रसन्नता भरा वार्तालाप किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने लर्नर्स को उनके सुखद परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। तब उपस्थित सभी लर्नर्स ने बहुत खुशी व्यक्त कर उन का धन्यवाद भी किया। इस निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों के मुखिया और स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### ऐसा रहा परीक्षा का पैट्रन

जिला उल्लास समन्वयक सुशील अरोड़ा ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उल्लास परीक्षा कुल 150 अंकों की रही, जिसमें पढ़ना, लिखना और संख्यात्मक भाग रहे। यह तीनों भाग 50 अंक के रहे। इन तीनों भागों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रत्येक में 17-17 अंक लेने जरूरी है। इन तीनों भाग में चित्र-मिलान, सही-गलत, चित्रों के नाम लिखना, सही शब्द चुन कर वाक्य बनाना, गणित में संख्या-ज्ञान, मुद्रा, जोड़–घटा, गुणा–भाग, समय, कैलेंडर आदि संबंधित प्रश्न आए।

### बुजुर्गों का उत्साह

निरीक्षण के दौरान 75 से 95 वर्ष की आयु के बुजुर्ग, भारी संख्या में महिलाएं और दिव्यांग भी बड़े जोश के साथ अपने जीवन से निरक्षरता का कलंक मिटाने के उद्देश्य से परीक्षा देते दिखे। चलने में असमर्थ एवं बीमार निरक्षरों की राजकीय विद्यालयों के स्टाफ द्वारा उन के घरों में जा कर परीक्षा ली गई। कहीं पति पत्नी, तो कहीं पर सास बहु और कहीं जेठानी देवरानी इकट्ठे परीक्षा देने पहुंचे। मोहड़ा में छोटी बच्ची अपनी माता को, पोता अपने दादा को और दुराना में पोती अपनी दादी को परीक्षा दिलाने स्कूल पहुंची।

# चौक-चौराहों से हटाए जाएंगे पूर्व मेयर-सीनियर डिप्टी व डिप्टी मेयर के साइन बोर्ड

- शिकायत के बाद मंडल कमिश्नर ने दोबारा जारी किए आदेश, कार्यकाल खत्म हाने के बाद किसी दस्तावेज पर भी साइन करने की पॉवर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नगर निगम की ओर से जल्द ही सभी 20 वार्डों के चौक-चौराहों व गली मोहल्लों में लगे निगम के पूर्व सदस्यों के बोर्ड हटाने की कार्रवाई शुरू होगी। मंडल कमिश्नर की ओर से इस सिलसिले में नए आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में पूर्व मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर के वार्ड भी हटाए जाने के आदेश दिए गए हैं। दरअसल पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार ने 16 फरवरी को इस संबंध में प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आला अधिकारियों, अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा, उपायुक्त अजय तोमर, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर और अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार को इस बारे में लेटर लिखा था। हेमंत ने बताया कि चूंकि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए प्रदेश सरकार चाहकर भी पूर्व नगर निगम पदाधिकारियों का कार्यकाल अगले आम चुनाव संपन्न होने बढ़ा नहीं सकती है। बहरहाल, जनवरी महीने के आरंभ में प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी एक आदेशानुसार अम्बाला नगर निगम के अगले आम चुनाव संपन्न होने उपरान्त नव-निर्वाचित सदन की पहली बैठक आयोजित होने तक नगर निगम में तैनात कमिश्नर को निगम का एडमिनिस्ट्रेटर (प्रशासक ) नियुक्त किया गया है।




### निगम सदन कार्यकाल पर कार्रवाई

दिवस 13 मार्च अंबाला के मंडल आयुक्त द्वारा इस विषय पर गंभीर संज्ञान लेकर डीसी और ननि कमिश्नर को पत्र भेजकर मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने उपरान्त प्रार्थी हेमंत कुमार को अवगत करने के आदेश जारी किए गए हैं। बता दें कि 18 फरवरी को भी डिवीजनल कमिश्नर द्वारा इस बारे में उपायुक्त और निगम कमिश्नर को लिखकर निर्देश दिया गया था परंतु अ तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई। हेमंत ने बताया कि निवर्तमान अंबाला नगर निगम सदन का संवैधानिक और वैधानिक पांच वर्ष कार्यकाल 13 जनवरी 2026 को पूरा हो गया था। हालांकि नगर निगम की ओर से अभी तक पूर्व पदाधिकारियों के साइन-बोर्ड हटाए नहीं गए हैं। न ही उन पर सफ़ेद पेंट आदि का पोछा फेरकर साफ़ किया गया है।

# अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई का गठन

- अग्रवाल वैश्य समाज की कार्यकारिणी का विस्तार, सुशीला सर्राफ बनी प्रदेश अध्यक्ष, वेणू को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अग्रवाल वैश्य समाज ने संगठन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के संकल्प को जारी रखते हुए प्रदेश महिला इकाई का गठन कर सुशीला सर्राफ फतेहाबाद को दोबारा महिला इकाई की कमान सौंपी है। संगठन के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने बताया कि समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा पर जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी सामाजिक रूप से सक्रिय महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों में वेणु अग्रवाल को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही डॉ. अंजली जैन पलवल और निशी गुप्ता कुरुक्षेत्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीनू बंसल बाढड़ा, भारती जैन गुरुग्राम तथा नीता गुप्ता नारनौल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।



सुशीला सर्राफ व वेणु अग्रवाल की फोटो।

### महिलाओं की भूमिका अहम

महासचिव बलराम गुप्ता ने बताया कि उनके संगठन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं की सहभागिता से संगठन और अधिक सशक्त बनेगा तथा राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। नई टीम समाज में एकता, संगठन और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी समाज की एकता, संगठनात्मक कार्यों और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी तथा समाज में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए महिला इकाई विशेष पहल करेगी।

# छात्रों ने रंगोलियों से किया रचनात्मक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर में विभिन्न शैक्षिक, रचनात्मक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शिविर की गतिविधियाँ डॉ. रणदीप सिंह, डॉ. पूनम धीमान, डॉ. ओमबीर, प्रो. नेहा तथा डॉ. समीक्षा के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही हैं, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. रोहिणी सिंह द्वारा एक व्याख्यान दिया गया। इसका विषय विभिन्न राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया तथा समाज सेवा और नेतृत्व विकास में एनएसएस की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।वाणिज्य विभाग से डॉ. लकी वर्मा द्वारा फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर एक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बचत, निवेश, बैंकिंग सेवाओं तथा वित्तीय जागरूकता के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अंत में स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभवों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।


अंबाला। कैंप में डिजास्टर मैनेजमेंट की जानकारी देते हुए। फोटोः हरिभूमि

### नवाचार संदेश और आपदा प्रबंधन व्याख्यान

इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियाँ बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। डॉ. शक्ति ने विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत एक अन्य व्याख्यान डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर आयोजित किया गया, जिसे मिस्टर संजीव, कंपनी कमांडर, डिफेंस ट्रेनिंग सब डिवीजन, अंबाला छावनी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# जमीनी सौदेबाजी में दस लाख की ठगी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

जमीन के सौदे के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामगढ़ निवासी सतीश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी कि 3 जनवरी 2024 को गांव ठाकुरपुरा स्थित 16 कनाल 2 मरला जमीन का सौदा 25.50 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किया था।

यह सौदा सुरजीत कौर, सर्वजीत सिंह और धनजीत सिंह निवासी डिफेंस कॉलोनी अम्बाला छावनी के साथ हुआ था। शिकायत के अनुसार उसने बयाना के रूप में 5 लाख रुपये दिए जिसमें 50 हजार रुपये नकद तथा 4.50 लाख रुपये चेक के माध्यम से दिए गए।

इसके बाद इकरारनामा के अनुसार मार्च 2024 में आरटीजीएस के जरिए अलग-अलग किश्तों में कुल मिलाकर करीब 10 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए गए। जमीन की रजिस्ट्री 20 मई 2024 को होनी तय थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण उस दिन रजिस्ट्री नहीं हो सकी। परिवादी का आरोप है कि आरोपियों ने न तो जमीन की रजिस्ट्री करवाई न ही पैसे वापिस दिए। पुसिस मामले की जांच कर रही है।

# राम कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग

- राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम व अन्नक्षेत्र में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अनिल पराशर ने शिव चरित्र का सुन्दर वर्णन किया। कथाव्यास ने मां पार्वती के जन्म, कामदेव के भस्म होने और शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था। जिसमें उसने भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिया। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। मुख्य अतिथि उद्योगपति प्रदीप गर्ग, अजय सिंगला पानीपत, भाजपा नेत्री मोनिका बंसल, सत्यप्रकाश कंसल व अंशुल गुप्ता ने व्यासपीठ की आरती की। इस अवसर पर पवन गोयल, विकास सिंघल,अनुज गोयल, सुरेश कंसल, मदनलाल गोयल,संजय सिंगला, राजकुमार सैनी, अशोक मित्तल,कुंवर सिंघल, सुभाष जिंदल, दीपक सिंघल, पंडित हरिकृष्ण, अमित सिंघल, सतीश गुप्ता, मनीराम, अश्वनी गोस्वामी, कौशल गर्ग, डा अशोक निर्मल, रणित कंबोज,अतुल गोयल, सुमित गर्ग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



लाडवा। आरती में भाग लेते मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार व कथा वाचक।

# अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**सभी योग्य लाभार्थी वेबसाइट पर पंजीकृत करवा सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भारतीय सेना अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी हैं। छह जिलों अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थियों के लिए पंजीकरण 01 अप्रैल 2026 तक होगा। सभी योग्य लाभार्थी वेबसाइट पर पंजीकृत करवा सकते हैं। यह भर्ती प्रक्रिया पुरुष वर्ग में अग्निवीर (सामान्य कर्तव्य), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी) और अग्निवीर ट्रेडमैन 10 और 8 वीं पास तथा महिला वर्ग में (महिला मिलिट्री पुलिस) के लिए आयोजित की जा रही है। इस वर्ष से अग्निवीर में भर्ती के लिए पुरुष और महिला अभ्यार्थियों का अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 21 वर्ष से 22 वर्ष कर दिया गया है। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में पहले चरण में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।



## गुरु के चरणों में जीवन यापन करना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र में सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वालो ने साप्ताहिक प्रवचन करते हुए कहा कि प्रत्येक जीव को निराकार परब्रह्म ओंकार भगवान के साकार स्वरूप गुरु भगवानश्री जी के चरणों में जीवन यापन करना चाहिए। गुरु आत्मा के परम प्रसन्न होने पर जीव मुक्ति प्राप्त करता है। महाकाल भी गुरु कृपा के अधीन ही कार्य करता। गुरु शक्ति के अधीन रहने पर किसी प्रकार की नकारात्मक शक्तियां उस पर कार्य नहीं करती है। इसीलिए हमें हमेशा गुरु चरणों में पूर्ण समर्पण और पवित्रता से जीवन व्यतीत करना चाहिए है। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा सद्गुरु ही हमें हमेशा अकाल कष्ट से मुक्ति प्रदान करते हैं।

### अदालत के नोटिस को ना समझें सजा

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कानून जानिए सीरीज के अंतर्गत कहा कि किसी भी व्यक्ति को यदि अदालत या किसी विभाग की ओर से नोटिस प्राप्त होता है, तो उसे डरने या छिपने के बजाय समझदारी से उसका उत्तर देना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि नोटिस का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति दोषी है। नोटिस केवल यह बताता है कि किसी मामले में आपका पक्ष भी सुना जाना है। यदि समय पर और सही तरीके से जवाब दिया जाए, तो कई मामलों में विवाद शुरूआती स्तर पर ही सुलझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिक अक्सर अफवाहों या अधूरी जानकारी के कारण नोटिस को सजा समझ लेते हैं, जबकि कानून में हर व्यक्ति को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाता है।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में आयोजित हुआ सप्ताहिक सत्संग

**दर्शन केवल देखना नहीं, दिव्यता का आत्मानुभव है**

# पावन दर्शनों से ही मन में पैदा होता है सकारात्मक भावः स्वामी गुरज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मॉडल टाउन अंबाला शहर स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसके दौरान परम पूजनीय दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी गुरज्ञानानंद ने एक शिष्य के जीवन में गुरु दर्शन का महत्व समझाते हुए कहा कि दर्शन केवल आंखों से देखना नहीं होता अपितु साकार स्वरूप में प्रकट हुई दिव्यता को अपनी आत्मानुभूति के द्वारा रोम रोम में उतार लेना ही वास्तविक दर्शन है। आगे साध्वी ने बड़े ही सुंदर शब्दों में विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि हम कई तीर्थस्थानों में जाते हैं जहां हम प्रभु के विग्रह, संत महात्माओं एवं भक्तों के दर्शन करते हैं किन्तु विचार करें कि उन दर्शनों के द्वारा हमें कितना आध्यात्मिक लाभ हो रहा है क्योंकि पानी पीने से जैसे प्यास तत्काल ही मिट जाती है ठीक इसी प्रकार दर्शन करने मात्र से ही हमारी आत्मा में परमानंद की अनुभूति होती है।



अंबाला। प्रवचन करते गुरुज्ञानानंद व मौजूद श्रद्धालु। फोटोः हरिभूमि

### सच्चे दर्शन से आता है जीवन में सकारात्मक परिवर्तन

निराकार स्वरूप परमात्मा जब साकार स्वरूप धारण करके धरती पर अवतरित होता है तो उसका आभा मंडल अति दिव्य एवं प्रभावशाली तरंगों से ओत प्रोत होता है और उनकी उपस्थिति साधारण नहीं होती। तभी भक्तों को अनुभव होता है कि उनके दर्शन के पश्चात मन की नकारात्मकता एवं द्वुविधा का तत्काल ही अंत हो जाता है। ऐसे पावन दर्शन से ही मन में सकारात्मक भाव पैदा होते हैं और जीवन सहज ही सन्मार्ग पर आ जाता है। महात्मा बुद्ध का एक बार दर्शन करने से ही अंगुलिमाल डाकू के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन घटित हो गया। एक साधारण मनुष्य अपनी दृष्टि से किसी को प्रभावित अवश्य कर सकता है किन्तु परिवर्तित करने की क्षमता तो केवल उसकी दृष्टि में होती है जो इस ब्रह्मांड का नियंता है।